नगर आयुक्त ने सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

सड़क निर्माण में लगाई जा रही निर्माण सामग्री को परखा

(ऑडिशन टाइम्स)

शाहजहाँपुर। नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के अजीजगंज से नवनिर्मित पोस्टमार्टम हाउस को जाने वाली रोड एवं ककरा (न्यू सिटी) नये रोड से जैव-विविधता पार्क तक बने रोड पर प्रस्तावित वृक्षारोपण के संबंध में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अजीजगंज से नवनिर्मित पोस्टमार्टम हाउस को जाने वाली रोड पर हो रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता को परखा। एवं संबंधित को निर्देशित किया कि हो रहे निर्माण कार्य को समय पूर्ण कराया जाए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने ककरा के नये रोड से जैव-विविधता पार्क तक बने रोड पर होने वाले प्रस्तावित वृक्षारोपण के संबंध में निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा ककरा (न्यू सिटी) के नये रोड से जैव विविधता पार्क तक बने रोड पर पर्यावरण दिवस के अवसर पर होने वाले प्रस्तावित वृक्षारोपण से पूर्व की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया गया। इस दौरान वृक्षारोपण के लिए रोड के किनारे किनारे खुदाई का कार्य होते पाया। निरीक्षण के समय ही नगर आयुक्त द्वारा पौधों की सिंचाई एवं देखभाल हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उनके निर्देश पर जैव विविधता पार्क के गेट पर नाम लिखने के लिए नाप ली गई। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त के साथ मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान उपस्थित रहे।